## मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव

**चूरू,** (कासं.)। सब्जी मंडी स्थित प्राचीन बागला बालाजी मंदिर में बुधवार रात्रि को शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर की भव्य सजावट की गई। मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। विनोद व्यास ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तबले पर संगत ललित व्यास ने दी। इसी क्रम में कोलकाता प्रवासी राम मोहन मंत्री, डॉ. कमल वशिष्ठ, नारायण शर्मा सहित अनेक गायक कलाकारों ने अपनी मधुर वाणी से आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को धार्मिक मय बना दिया। इस दौरान कलाकारों व विशिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुरारीलाल मंत्री, हनुमान मल सुराणा, चांदमल सुराणा, सुरेश कुमार गोटेवाला, डॉ. श्यामसुंदर शर्मा, एडवोकेट अनंत राम सोनी व बजरंग लाल महनसरिया ने नारायण शर्मा व शिवकुमार गोयनका का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर व प्रतिक चिन्ह् प्रदान कर सम्मान किया। इस दौरान बालाजी महाराज की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर सुनील जैन, राजेश बजाज, महेश गोयनका आदि उपस्थित थे।

# नगरपरिषद ने आधुनिक शौचालयों में लगी एसी उतारकर अपने कमरों में लगाई

### शौचालयों के एसी चोरी नहीं हुए हैं, वे एसी तो नगरपरिषद के कमरों को ठंडा कर रही हैं

**चूरू,** (कासं.)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा अंतर्गत निर्मित आधुनिक शौचालयों में लगे एसी गायब हो गए हैं। पड़ताल करने पर सामने आया कि आधुनिक शौचालयों के एसी चोरी नहीं हुए हैं, वे एसी तो नगरपरिषद के कमरों को ठंडा कर रही हैं।

लोकेश ने अंडर-11 सिंगल्स एवं डबल्स दोनों वर्ग में आनंद ने अंडर-13 डबल्स में जीते गोल्ड, हैप्पी कुमारी का बोर्ड की अंडर-19 महिला चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयन मिली जानकारी के अनुसार 19 जनवरी 2020 को मुख्यमंत्री बजट घोषणा अंतर्गत निर्मित आधुनिक शौचालयों को शुरू किया गया था। योजना के अनुसार उनमें एसी भी लगवाए गए थे। कलैक्ट्रेट के आगे स्थित आधुनिक शौचालय में लगी 4 एसी गायब हो गई। इसी प्रकार कृषि उपज मण्डी में स्थित आधुनिक शौचालय के दरवाजे पर ताला लगा दिया गया है। यहां शौचालय का बिजली का कनेक्शन ही काट दिया गया है। इस कारण ये शौचालय लम्बे समय से बंद है। पिछले दिनों नगरपरिषद के लोग आए और वहां लगी 4 एसी को लेकर चले गए। सब्जी मण्डी थोक विक्रेता मण्डल के अध्यक्ष दौलतराम सिंधी ने बताया कि यहां पौने दो साल से आधुनिक शौचालय बंद है। इस कारण से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। सिंधी ने कहा कि नगरपरिषद को 10 बार अवगत करवा दिया। उसके बाद भी शौचालय को शुरू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद वाले एसी भी ले गए हैं। यहां समिति के सचिव सुरेन्द्र कुमार बांगड़वा ने कहा कि उनकी पोस्टिंग अभी डूंगरगढ़ में है। आधुनिक शौचालय नगरपरिषद द्वारा संचालित था। नगरपरिषद ने ही बंद कर दिया है। इस संबंध में नगरपरिषद सभापति पायल सैनी ने कहा कि आधुनिक शौचालय में लगी एसी चोरी होने की शिकायत मिली थी।

इस कारण उनको उतारकर स्टोर में रखवा दिया है।वे एसी तो नगरपरिषद के विभिन्न कमरों में लगे हुए हैं। इस पर अभिलाषा सिंह ने कहा कि सरकार की चीज है, सरकार के ही पास है। वे अपने घर में लगा लेती तब गलत बात होती। कुल मिलाकर यहां सब अपने मन की करते हैं। कानून-कायदे कोई मायने नहीं रखते हैं।



**शौचालय के दरवाजे पर ताला लगा दिया गया है। यहां शौचालय का बिजली का कनेक्शन काट दिया गया है। पिछले दिनों नगरपरिषद के लोग आए और वहां लगी 4 एसी को लेकर चले गए।**

## सार-समाचार

### 108वें निर्वाण दिवस पर हुआ कार्यक्रम

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय स्थित धोली सती दादी मंदिर में विकास नाथ महाराज के सानिध्य में शरद पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को भव्य रात्रि जागरण आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न आश्रमों के संत दयानाथ, ओमनाथ, स्मृतिनाथ, टेरनाथ, निश्चलनाथ, रविनाथ, महेशनाथ, विद्यानाथ, आकाशनाथ, गंगानाथ, सोमनाथ, शांतिनाथ, निरंजन नाथ, सुंदरनाथ सहित अनेक संतों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना से किया गया। कार्यक्रम में भगवान दास सातड़ेवाला, जगदीश प्रसाद, हरिप्रसाद, लालचंद, जगन्नाथ, प्रमोद कुमार, विजय कुमार, राजकुमार, कन्हैयालाल व मोंटू सातड़ा ने उपस्थित संतों का माल्यार्पण कर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। अमृतनाथ महाराज के 108वें निर्माण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भजनों के माध्यम से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। कार्यक्रम में पवन ढ़ाढ़रियेवाला, गोविंद बगड़िया, पवन भालेरीवाला, राजेंद्र ठठेरा, दिनेश शर्मा, महेश मेहरीवाला, अजय लोहिया, राजेंद्र चौबे, राधेश्याम सरोठिया, वैद्य राजेश शर्मा, श्रवण बजाज, शिवराज भाटी, इन्द्रचंद राजपुरोहित, रामावतार लोहिया, विश्वनाथ राजगुरु सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### हादसे में भाई-बहन हुए घायल

**खेतड़ी,** (निसं) । खेतड़ी थाना क्षेत्र के कोलिहान के पास गुरुवार को एक बाइक के सामने अचानक आवारा पशु आने से हादसा हो गया। इस दौरान हादसे में बाइक सवार भाई बहन घायल हो गए। हादसे में दोनों घायलों को उप जिला अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां बहन की हालत गंभीर होने पर उसे नीमकाथाना रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बबाई निवासी कोसिंद्र (18) पुत्र शुभकरण व मोनिका (20) पुत्री शुभकरण बाइक पर सवार होकर अपने गांव बबाई से डाडा फतेहपुरा जा रहे थे। जब वह खेतड़ी के कोलिहान के पास पंहुचे तो सड़क पर अचानक आवारा पशु आ गया। इस दौरान आवारा पशु आने से उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया तथा वह सड़क पर ही गिर गए। बाइक सवार दोनों भाई बहन के सड़क पर गिरने से वह घायल हो गए। इस दौरान आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा दोनों घायलों को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायल मोनिका की हालत गंभीर होने पर उसे रैफर किया गया है। घायल कोसिंद्र ने बताया कि वह बाइक पर अपनी बहन को उसके ससुराल डाडा फतेहपुरा छोड़ने के लिए जा रहा था कि वह हादसे का शिकार हो गए। हादसे की सूचना पर घायलों के परिजन व खेतड़ी पुलिस ने अस्पताल में पंहुच कर घटना की जानकारी जुटाई। इस दौरान हादसे में बाइक भी पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो गई।

### प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**सीकर।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द सीबीएसई स्कूल भढाडर सीकर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमेन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह में अतिथियों द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा में उच्च रैंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। जिनमें साक्षी वर्मा, खुशी पारीक, दिनेश, सोमिया भामू, वंश जागिड, खुशी, अफरान शैख, प्रतिभा शर्मा, नमन वर्मा, तनुजा दानोदिया, प्रिया चौधरी, विद्या शाहू, हर्षिता, आकांक्षा, विपुल ढाका, राजवीर, कल्पना शर्मा आदि ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने अपने उद्बोधन में बताया कि बार बार असफल प्रयास ही सफलता की कुंजी होती है। इसलिए एक बार असफल होने पर भी प्रयास करना नहीं छोडना चाहिए। इस अवसर पर प्रबंधन सदस्यों सहित स्टाफ एवं बच्चें उपस्थित रहे।

### राज्य मंत्री का अभिनंदन किया

**तारानगर ।** सात्युँ सर्किल स्थित प्रजापति मिट्टी बर्तन भण्डार पर समाज सेवी रामचंद्र प्रजापत के नेतृत्व मेँ प्रजापत समाज के लोगों ने माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री प्रहलाद टाक का स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर राजकुमार खाटीवाल, भंवरलाल दादरवाल, श्रीचंद नोखवाल, लीलाधर बागोरिया, रामचन्द्र कुलांसिया, महावीर, डॉक्टर योगेश वर्मा, बिशवारम घासोलिया, भंवरलाल आयतन, गोपीराम फौजी, गोरूराम आयतन, सुरेन्द्र घासोलिया आदि मौजूद रहे।

### नि:शुल्क शिविर आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ।** अमन वेलफेयर सोसायटी की ओर से गुरुवार को नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर मे 60 जनों के आंखें की जाँच की गई । जिसमे 16 जनों का ऑपरेशन के लिये चयन हुआ । चयनितों को लेंस, ऑपरेशन, खाना, नि:शुल्क रहेगा । शिविर में सदीक पंवार, मंज़ूर खिलजी, पूर्व वाइस चेयरमैन साकिर सोलंकी , पार्षद प्रतिनिधि याक़ूब बेहलीम, पार्षद मेहमूद हसन , हाफिज उसामा खिलजी, सिराज चौहान, मेहमूद भाटी, रमजान मास्टर, अब्दुल रहमान, जाकिर बंगाली, हसमुदिन, सलीम लीलगर, तौफीक खिलजी, जाकिर मलवान आदि ने अपनी सेवाएं दी।

### एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित

झुंझुनूं। मातृत्व, नेतृत्व एवं कर्तव्य की भावना से ओत प्रोत राष्ट्र सेविका समिति झुंझुनूं विभाग के तत्वावधान में शाखा एकत्रीकरण कार्यक्रम 18 अक्टूबर शुक्रवार तिथि कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा को समय सांयकाल 4 से 5:30 बजे तक केशव आदर्श विद्या मंदिर झुंझुनूं में आयोजित होगा। जानकारी देते हुए प्रांत कार्यवाहिका संगीता जांगिड़ ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वंदनीय प्रमुख संचालिका वी. शांता कुमारी होगी।

## वाल्मीकि की जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी नगर में केसीसी के सुभाष मार्केट स्थित वाल्मीकि मंदिर में श्री भगवान वाल्मीकि मंदिर समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय भगवान वाल्मीकि की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरुवार को हवन यज्ञ कर आमजन के खुशहाली की कामना की गई। समिति के कायार्लय सचिव देवीदत्त ने बताया कि वाल्मीकि मंदिर में आरती के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सत्संग एवं व्याख्यान माला का आयोजन कर पूजा अर्चना के प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पूजा भगत रामजीलाल एवं विश्वनाथ ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर हवन में आहुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान

भगत रामजीलाल ने कहा किमनुष्य को अपने जीवन में धार्मिक अनुष्ठान करने चाहिए। भगवान के प्रति आस्था रखने से सदैव जीवन आनंदमय रहता है तो भगवान की भक्ति करने से

**■ हवन-यज्ञ में आहुति देकर की खुशहाली की कामना**

अपने भक्तों पर हमेशा भगवान की कृपा रहती हैं। प्रत्येक व्यक्ति को जीव जंतुओं की सेवा करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। गाय का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है, इसकी पुजा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। हिन्दू धर्म में गाय माता को विशेष स्थान दिया गया है, गाय के गुणों से मनुष्य अनेक प्रकार की बिमारियों से भी मुक्ति पाता है। इससे पूर्व रात्रि को आयोजित जागरण मेंसुरेन्द्र महाराज एंड पार्टी कांवट के कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। वहीं कस्बे के अनेक लोग ने प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर बबलू अवाना, रविंद्र फौजी, ढाणा सरपंच , शुभकरण, मंजू देवी, पूनम देवी, राजू, केवल चंद, जुगल किशोर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# जनसुनवाई में कलक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनी, समाधान करने के निर्देश

**पाटन ।** राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला कलक्टर शरद मेहरा ने गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में जन समस्याएं सुनी और निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे फरियादियों की अधिकतर शिकायतें पानी, बिजली, अतिक्रमण, सड़क, घरेलू कनेक्शन, कृषि कनेक्शन करवाने, रास्ता प्रकरण, पेंशन, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने, पानी की टंकी निर्माण, अवैध खनन, पुलिस विभाग आदि से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई

जिनमें सबसे अधिक प्रकरण राजस्व विभाग के 45, पंचायती राज के 16, नगर परिषद् व जलदाय विभाग के 11-11 विद्युत विभाग के 9 सहित जनसुनवाई में कुल 106 प्रकरण प्राप्त हुए। कुछ का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष प्रकरणों पर परिवादियों और अधिकारियों से चर्चा कर उनके जल्द समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुराने प्रकरणों के जल्द निस्तारण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।जन सुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर भागीरथ शाख ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि इस जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज किया जाए और समाधान होने पर उसे अपडेट किया जाए।

सीएमओ के अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने के साथ ही संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान सभी उपखंडीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुडे रहे।इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख, नीमकाथाना एसडीएम मुकेश चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**जिला कलक्टर शरद मेहरा ने गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में जन समस्याएं सुनी और निराकरण के निर्देश दिए।**

# भारतीय किसान संघ का जिला सम्मेलन आयोजित

**झुंझुनूं ।** भारतीय किसान संघ जिला झुंझुनूं का जिला सम्मेलन केशव आदर्श विद्या मंदिर झुंझुनूं के प्रांगण में प्रदेश अध्यक्ष दलाराम बेटेसर के अध्यक्षता में भारतीय किसान संघ के ध्वजा रोहन एवं भगवान बलराम, भारत माता एवं श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

सम्मेलन में सर्वप्रथम संभाग संगठन मंत्री नीरज कुमार ने मंचासीन अतिथियों का परिचय करवाया। जिसके बाद प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. जगदीश गुर्जर ने भारतीय किसान संघ की रीति नीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उसके बाद मोती सिंह ने जिलाध्यक्ष के रूप में पिछले तीनों वर्षों में किए गए कार्यों पर विवरण प्रस्तुत किया। उसके बाद प्रदेश सहकारिता प्रमुख गजानंद कुमावत ने

**■ सम्मेलन में सर्वप्रथम संभाग संगठन मंत्री नीरज कुमार ने मंचासीन अतिथियों का परिचय करवाया**

भारतीय किसान संघ की ग्राम इकाई के कार्य एवं ग्राम इकाई की महत्वता पर प्रकाश डाला। साथ सहकारिता प्रमुख ने भारतीय किसान संघ के द्वारा किए गए आंदोलनों से किसान हित में जो कार्य एवं सरकार से किसान हित में मांगे मनवाई, पर भी प्रकाश डाला। कुमावत ने बताया कि हम सभी को प्रत्येक गांव में किसान संघ की ग्राम इकाई का गठन करते हुए झुंझुनूं जिले में हर खेत को पानी मिले। उसके लिए आंदोलन खड़ा करना है। उसके बाद जिलाध्यक्ष मोतीसिंह ने अपनी जिला कार्यकारणी को भंग करते हुए चुनाव निर्वाचन अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर ने आए हुआ मताधिकारियों से नए जिलाध्यक्ष एवं जिला मंत्री के लिए नाम मांगे तो बिसाऊ तहसील अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने डॉ. पवन चौधरी के नाम को अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया। जिसका समर्थन मुकुंदगढ़ तहसील अध्यक्ष ने समर्थन किया। तत्पश्चात पिलानी तहसील अध्यक्ष ने जिला मंत्री के लिए सूबेदार गुगनराम के नाम का प्रस्ताव रखा तो गुढ़ा तहसील अध्यक्ष ने जिला मंत्री के नाम का समर्थन किया। इस प्रकार जिलाध्यक्ष एवं जिला मंत्री के नाम का जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर ने दूसरा कोई नाम नहीं होने के कारण सर्वसम्मति निर्वाचन किया। निर्वाचन होने के बाद निर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ. पवन चौधरी का प्रदेश अध्यक्ष दलाराम बेटेसर ने साफा पहनाकर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष मोतीसिंह ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। उसके बाद जिला मंत्री का भी साफ पहनाकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करने के बाद नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ. पवन चौधरी ने जिला कार्यकारिणी टीम की घोषणा की। जिसमें पवन सैनी, नरेश, सुभाष, फतेहसिंह, प्यारेलाल टांईं, नरेंद्र सिंह की घोषणा की गई। अंत में प्रदेश अध्यक्ष दलाराम बेटेसर ने आए हुए सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संभाग मंत्री नीरज कुमार ने किया।

## झुंझुनूं एकेडमी के छात्र का शानदार सम्मान हुआ

**झुंझुनूं ।** झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के जीवेम स्पोर्ट्स एकेडमी के छात्र अंडर-11 सिंगल्स एवं डबल्स दोनों वर्ग में चैंपियनशिप जीतकर गोल्ड मैडल तथा 5500 रूपए नकद पुरस्कार तथा आनंद मदेरणा ने अंडर-13 डबल्स में चैंपियनशिप जीतकर गोल्ड मैडल तथा 3500 रूपए का नकद पुरस्कार प्राप्त कर गोल्ड मैडल की हैट्रिक लगाई। इन दोनों होनहार खिलाड़ियों का चयन बैडमिंटन की नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

वहीं हैप्पी कुमारी का चयन महिला चैलेंजर ट्रॉफी रायपुर के लिए हुआ है। हैप्पी कुमारी राष्ट्रीय स्तर की एथलीट व 100 और 200 मीटर दौड़ में स्टेट चैंपियन भी रही है। झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन एवं जिला बैडमिंटन संघ अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी ने अपार खुशी व्यक्त करते हुए दोनों गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झुंझुनूं एकेडमी में उपलब्ध सभी प्रकार के अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स संसाधन व बेहतरीन प्रशिक्षकों की वजह से यहां के छात्र-छात्राएं खेलों के हर वर्ग में गोल्ड मैडल जीत रहे हैं।

स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी ने अपने उद्बोधन में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि झुंझुनूं एकेडमी के छात्र हर क्षेत्र में स्कूल, माता-पिता, परिवार एवं जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।सभी खिलाड़ियों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एस.डी.एम. व सीबीईओ को दिया ज्ञापन

**सादुलपुर,** (निसं)। राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में आयोजक विद्यालयों द्वारा बार-बार 17- 19 वर्ष खेल के लडकों की टीम नहीं ठहराने की माँग करते हुए अभिभावकों ने आक्रोस प्रकट कर गुरूवार शाम साढ़े चार बजे एसडीएम राजगढ़ के पीए के मार्फत जिला कलेक्टर चूरू के नाम ज्ञापन सौंपा है। वहीं एसडीएम राजगढ़ के पीए विकास पूनियां को जिला कलेक्टर के नाम दिये ज्ञापन में राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में पढ़ने वाली बालिकाओं के अभिभावकों आक्रोश प्रकट करते हुए एसडीएम कोर्ट राजगढ़ पहुंचे तथा एसडीएम राजगढ़ मीनू वर्मा को इस संबन्ध में जानकारी दी गई, जिस पर उन्होंने तुरन्त ही अपने पीए विकास पूनियां को ज्ञापन लेने हेतु निर्देशित कर मुख्य बलॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़ बबलेश शर्मा को इस संबन्ध में दुरभाष पर अवगत करवाकर अभिभावकों से लिए ज्ञापन में उनकी माँग पर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

जिसमें बाद अभिभावको पंचायत समिति राजगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्य बलॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़ को अवगत करवा कर राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में लडको की टीम का ठहराव नहीं करवाने की माँग की। ज्ञापन में लिखा है कि हम सभी की बालिकाएं राजकीय मोहता बा.उ.मा.वि. राजगढ़ में पढ़ रही हैं, जो कि चूरू जिले का सर्वाधिक नामांकन वाला विद्यालय है तथा हमारी बेटियों पिछले कई वर्षो से इस विद्यालय में पढ़ रही हैं, लेकिन वर्तमान में विद्यालय में बार-बार खेल-कूद प्रतियोगिताओं में इस विद्यालय को आवास हेतु प्रयोग में लाया जा रहा है तथा आने वाली टीम में 17-19 वर्ष के लडके आते हैं, जिसके कारण हमारी बेटियों के साथ कोई भी अनहोनी घटना हो सकती है और हमारी बेटियों असुरक्षित महसुस कर रही हैं।

**■ रामोबाउमावि राजगढ़ में लडको की टीम नहीं ठहराने की माँग, अभिभावको ने जताया रोष**

साथ ही बताया कि इस स्कूल में जहाँ मिड डे मील बनता है वहाँ पर आने वाली टीम के लडके स्नान करते हैं एवं अपने अण्डर गारमेंट धोते हैं, खाना बनाने व खाना खाने वाली जगह पर नहाने धोने का काम होने के कारण अब वह जगह खाना बनाने के लायक नहीं रही है और ना ही खाना खाने लायक रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी इस समस्या के समाधान हेतु 14 सितम्बर 2०24 को मुख्य बलॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़ को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया था। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है और अभी तक हमारी समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 20 को

**सरदारशहर ।** रिणवा गेस्ट हाउस में विप्र फाउंडेशन द्वारा 20 अक्टूबर को गांधी विद्या मंदिर के राम मंच में आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में विप्र फाउंडेशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान केंद्रीय परियोजना के अध्यक्ष समाजसेवी मुंबई प्रवासी महावीर प्रसाद शर्मा ने फाउंडेशन के मुख्य उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले ग्रामीण के की सराहना सराहना की। फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित ने प्रेरणादाई व सामाजिक समरसता कार्यक्रम में अधिकाधिक विप्र बंधुओं को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आ ान किया। तहसील अध्यक्ष महेंद्र वैध ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 20 अक्टूबर बुधवार सुबह 9:00 बजे गांधी विद्या मंदिर के राम मंच में प्रतिभा सम्मान एवं दीपावली स्नेह मिलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के संयोजक सुशील ओझा समाज को संबोधित करेंगे। प्रेस वार्ता में फाउंडेशन के प्रदेश सचिव श्यामलाल जोशी, विप्र फाऊंडेशन युवा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष सुनील मिश्र, महामंत्री भरत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र देरासरी, तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़, तहसील अध्यक्ष महेंद्र वैद्य, राकेश पारीक, शिवचरण रिणवा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा का स्थानीय इकाई द्वारा साफा, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया।

# विधानसभा उपचुनाव को लेकर हुई राजनीतिक मुद्दे पर चर्चा

**झुंझुनूं ।** जिला मुख्यालय स्थित रजिया गेस्ट हाउस में मुस्लिम न्याय मंच की मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज कुरान-ए-तिलावत से मौलाना शकरूदीन ने किया।

मीटिंग में मुस्लिम न्याय मंच के काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे और झुंझुनूं विधानसभा के उप चुनाव निर्धारित होने पर कई राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। मुस्लिम न्याय मंच के संयोजक इमरान बड़गुर्जर ने बताया कि पिछले शुक्रवार 11 अक्टूबर को ईदगाह मैदान में मुस्लिम महापंचायत का आयोजन किया गया था और उस महापंचायत में झुंझुनूं की 30 मुस्लिम

**■ मुस्लिम न्याय मंच की मीटिंग आयोजित हुई**

बिरादरियों ने फैसला लिया कि जिस कांग्रेस पार्टी को हम पिछले 75 वर्षों से वोट देते आ रहे है। उस कांग्रेस पार्टी को झुंझुनूं विधानसभा के उप चुनाव में मुस्लिम समाज की 30 बिरादरियों में से किसी भी व्यक्ति को टिकट देगा तो पूरा मुस्लिम समाज उसके साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। आज की मीटिंग में ये तय किया गया कि शुक्रवार को कांग्रेस के चुनाव प्रभारी झुंझुनूं में आ रहे है। पूरा मुस्लिम समाज एक साथ जिला कांग्रेस कार्यालय में आवाज उठाएगा कि इस विधानसभा उपचुनाव में किसी भी मुस्लिम व्यक्ति को टिकट दी जाए। निश्चित तौर पर उस प्रत्याशी को 36 बिरादरी चुनाव जीताकर विधानसभा भेजेगी। अगर इस बार भी कांग्रेस मुस्लिम समाज की अनदेखी करेगी तो ये समाज कांग्रेस की टिकट को बैरंग लौटाएगा तथा इस विधानसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी खड़ा करेगा और निश्चित तौर पर उस प्रत्याशी को विधानसभा में भेजेगा। मुस्लिम न्याय मंच के सदस्य शकील फौजी ने बताया कि जिस कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम समाज हमेशा से वोट देते आया है और कांग्रेस पार्टी ने झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र से किसी भी उम्मीदवार को टिकट दी है तो हमने आज तक कोई सवाल नहीं उठाया है। अब समय आया है कि कांग्रेस पार्टी को इस उप चुनाव में मुस्लिम समाज को टिकट देना चाहिए। इस अवसर पर मीटिंग में मौलाना इलियास, मौलाना शकरूदीन, मौलाना अरशद, इश्तियाक कुरैशी, एजाज खान, युनूस रंगरेज, ओसामा सैयद, अब्दुल लतीफ खानजादा, इरफान काजी, इमरान खोखर, आमीर खान, वरिष्ठ पार्षद मकबूल हुसैन, कयुम अली कुरेशी, मो. सोयब, जमील अहमद, वसीम कुरैशी, इम्तियाज तगाला, मुस्तफा भाटी, मो. सरीफ रंगरेज, सोहूद अली, आमीर खान, सैयद आसीफ अली, अजहर हुसैन, शौकत चोपदार, आबिद काजी, अजमत निर्बाण सहित काफी सदस्य मौजूद रहे।



**जिला मुख्यालय स्थित रजिया गेस्ट हाउस में मुस्लिम न्याय मंच की मीटिंग का आयोजन किया गया।**

## हत्या की मामला दर्ज

**पाटन ।** पाटन थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत दरीबा के पास मोकलवास की ढाणी में विगत रात्रि बानसूर के युवक की पीट- पीट कर हत्या कर दी गई। जिसका मामला पाटन थाने में दर्ज हुआ है।मृतक की बहन पूजा मीणा ने पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है जिसमें लिखा है कि मेरा भाई मुकेश मीणा पुत्र उमराव मीणा निवासी ढाणी ईसरावाली तहसील बानसूर 16 अक्टूबर को न्यौराणा गांव में आया हुआ था। यहां से मेरे भाई को महावीर, धर्मपाल पुत्र पूर्ण जाति गुर्जर निवासी डेल्डी की ढाणी मोकलवास थाना पाटन व महिपाल जिसके पिता का नाम मालूम नहीं है उमेश, यादराम पुत्र रामप्रसाद उर्फ प्रसादी, व विक्रम जिसके पिता का नाम पता नहीं है ये सभी गुर्जर जाति के लोग हैं, इन सब ने मिलकर मेरे भाई को न्यौराना से 16 अक्टूबर की रात लगभग 9:15 बजे अपहरण कर महावीर, धर्मपाल के घर ले जाकर पीट- पीट कर हत्या कर दी। पूजा पत्नी महावीर व इसके साथ सभी लोगों ने मिलकर मेरे भाई की हत्या की है। मेरे भाई मुकेश के पास पहले भी महिपाल और विक्रम का फोन आया था जिन्होंने जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

थाना अधिकारी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुल्जिमों की तलाश जारी है शीघ्र ही मुल्जिमों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मृतक के सर से 25 साल पहले पिता का साया उठ चुका था, मृतक की मां ने पाल पोसकर बड़ा किया। जहां उसका अपहरण किया गया बाद में उसकी निर्मम हत्या की गई।

## सार-समाचार

### डांडिया में स्कूल को प्रथम स्थान प्राप्त

**झुंझुनूं ।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल की डांडिया नृत्य टीम प्रथम स्थान पर रही । संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि स्काउट गाइड मैदान में 9 से 11 अक्टूबर के बीच चली रावीरा डांडिया प्रतियोगिता में प्रिंस स्कूल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में तनिष्का एंड ग्रुप को 5100 रूपए का प्रथम पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। इसी के साथ स्कूल में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने विजेता टीम को बधाई दी। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल अनिता शर्मा, महेंद्र सैनी व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### गोदारा ने की जनसुनवाई

**उदयपुरवाटी ।** कस्बे में घूमचक्कर के निकट देश के महान संत व आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई । अध्यक्षता संजय सैनी ने की । कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने आदि कवि महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित किए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बद्रीप्रसाद तंवर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन सामाजिक समरसत्ता का प्रतीक था, उन्होंने पारिवारिक एवं सामाजिकता का विस्तृत वृतांत का रामायण जैसे महाग्रंथ में उल्लेख किया है । एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर लोगों को भगवान श्रीराम के अद्वितीय जीवन चरित्र से परिचित कराया । कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह खंडेला, देवेंद्र कुमार आचार्य ने भी महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला । जयंती समारोह के अध्यक्ष संजय सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया । इस दौरान कार्यक्रम में अजय वर्मा, सोहनलाल तंवर, जितेंद्र कुमावत, अंकित सैनी, उमेश सैनी, अंशु ढेवा, अंकित जुनैद, प्रियांशु मिश्रा, नितिका राठी, वसीम, युवराज, जितेंद्र कुमावत, मनोज सैनी, रोहिताश्व सैनी सहित कई मौजूद रहे ।

### सर्वणकार समाज की बैठक आयोजित

**तारानगर ।** सोनी धर्मशाला मेँ जवरीमल गोयतान की अध्यक्षता व भगवती प्रसाद के मुख्यातिथ्य मेँ गुरूवार को सर्वणकार समाज ने एक बैठक आयोजित कर अजीमढ़ महाराज की जयंती मनाई। उपस्थित समाज के लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। धर्मशाला मेँ जमीन सहित अन्य कार्यों मेँ सहयोग करने वाले समाज के भामाशाहों का माला, शॉल पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कोषाध्यक्ष विजय सोनी संस्था का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस मौके पर हनुमान, कुंदन, लखन, मोहनलाल, राम, तुलसी, प्रभु, रामेश्वर, गोरीशंकर, छोटूराम, संजय, गोपाल, जगदीश, लिछीराम, सुभाष, हुक्मीराम, भवानी शंकर, श्याम, राजीव, सुरजी देवी सहित सर्वण कार समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। धनपत मैसूण जोड़ी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### अजमीढ़ जी की मनाई जयंती

**सादुलपुर,** (निसं)। मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार नवयुवक मंडल राजगढ़ (चूरू) की और से स्वर्णकार समाज के आदी पुरुष महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती पर गुरुवार को दोपहर दो बजे के करीबन सामाजिक कार्यक्रम हुए। सर्वप्रथम जुबिली पिंजरापोल गौशाला रामबास में महाराजा अजमीढ़ जी का पूजन तथा गायों को 1०1 किलो गुड खिलाया गया। इसके बाद दोपहर में विमला देवी सेवा समिति आश्रम रामबास में प्रभुजन लोगों को खीर जलेबी का भोजन करवाया गया। इस अवसर पर निवास सोनी, मुरारी लाल जालू, धर्मचंद जालू, मंडल संयोजक हेमंत जालू, सह संयोजक मनोज जालू, रजनीश सोनी, राजकरण, पंकज, पवन, राकेश डांवर, रमन, सुरेश, नरेश, कैलाश, विष्णु, लोकेश जेईएन, राजू, रॉकी, मनोज, विक्रम सोनी सहित अन्य लोगों ने महाराजा अजमीढ़ जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### गुड खिलाकर मनाया का जन्म दिवस

**सादुलपुर ।** विप्र फाउंडेशन द्वारा नई कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए चूरू जिला मीडिया प्रभारी की घोषणा कर दी गई है। गुरूवार शाम 4 बजे दी जानकारी में विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने विप्र फाउंडेशन चूरू जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अनुशंसा पर राजगढ़ से दुर्गेश जोशी को एक बार फिर से पुनः जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा है। जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के अनुसार दुर्गेश जोशी की सक्रिय भूमिका के अनुसार उनको यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। दुर्गेश जोशी ने सभी विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारीओं का आभार व्यक्त किया है। वही इसी कडी में विप्र फाउडेशन के जिला मीडिया प्रभारी के जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं ने गायों को गुड खिलाकर उनका जन्मदिवस मनाया।

### शैक्षिणक भ्रमण के लिए दिल्ली रवाना

**बलवंतपुरा ।** डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा की छात्राओं का दल मॉडल यूनाइटेड नेशन व शैक्षिणक भ्रमण के लिए दिल्ली रवाना हुआ। विद्यालय प्राचार्या इंदू सोनी ने बताया कि मॉडल यूनाइटेड नेशन का वार्षिक सम्मेलन प्रेसिडियम स्कूल सेक्टर 57 गुरुग्राम में 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के विभिन्न स्कूलों के 1000 से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे तथा वे विदेशी प्रतिनिधियों के समक्ष विभिन्न देशों की संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करेंगे। शिक्षिका नृपुर कौशिक व प्रिया के निर्देशन में डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा की छात्राओं का दल भी सम्मिलित होगा तथा वे संसद भवन, गेट, अक्षरधाम मंदिर, कुतुब मीनार, लाल किला, जंतर मंतर आदि ऐतिहासिक स्थलों भी का शैक्षिणक भ्रमण करेंगे। प्राचार्या इंदू सोनी ने बताया कि यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है कि स्कूल की छात्राएं मॉडल यूनाइटेड नेशन में शामिल होकर व विदेशी प्रतिनिधियों के समक्ष अपने ज्ञान और कला का प्रदर्शन करेंगी।

### जागरूकता रैली निकाली

**तारानगर ।** तारानगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा गुरुवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गयी जिसके माध्यम से समाज को नशे की लत से मुक्त होने का संदेश दिया गया। बीसीएमओ सत्यनारायण प्रजापत, स्कूल की प्रधानाचार्य मंजू गोठवाल, विजय गोदारा व पार्षद हरी इंदौरिया ने रैली का आगाज किया। इस मौके पर भागचंद किरोड़ीवाल, उर्मिला पूनियाँ, मंजू बुड़ानिया, सहित चिकित्सा विभाग के कार्मिक व विद्यालय स्टॉफ व स्कूल के बच्चों ने भाग लिया एवं तम्बाकू उत्पादों से होने वाली हानि रोग आदि के बारे मेँ नारे लगाकर समाज को जागरूक किया।

### नशे से मुक्त होने का संदेश दिया

**तारानगर ।** तारानगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा गुरुवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गयी जिसके माध्यम से समाज को नशे की लत से मुक्त होने का संदेश दिया गया। बीसीएमओ सत्यनारायण प्रजापत, स्कूल की प्रधानाचार्य मंजू गोठवाल, विजय गोदारा व पार्षद हरी इंदौरिया ने रैली का आगाज किया। इस मौके पर भागचंद किरोड़ीवाल, उर्मिला पूनियाँ, मंजू बुड़ानिया, सहित चिकित्सा विभाग के कार्मिक व विद्यालय स्टॉफ व स्कूल के बच्चों ने भाग लिया एवं तम्बाकू उत्पादों से होने वाली हानि रोग आदि के बारे मेँ नारे लगाकर समाज को जागरूक किया।

### जे.आर.एफ.में 175वीं रैंक हासिल की

**झुंझुनूं ।**सीएसआईआर की ओर से आयोजित जूनियर रिसर्च फेलोशिप नेट जेआरएफ में न्यू हाउसिंग बोर्ड निवासी निकिता गोदारा ने भौतिक विज्ञान में ऑल इंडिया 175वीं रैंक हासिल कर नाम रोशन किया है। निकिता गोदारा ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों, पिता मदन सिंह गोदारा, माता निर्मला गोदारा, बहन कोमल गोदारा एवं भाई निखिल गोदारा के अलावा अपने परिजनों व मित्रों को दिया।

### मेघवाल की मनाई छठी पुण्यतिथि,

**सादुलपुर,** (निसं)। गुरूवार दोपहर को करीबन ०1 बजे जैतपुरा गांव निवासी कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव स्व. मास्टर काशीराम मेघवाल की छठी पुण्यतिथि मनाई गई व पुष्प अर्पित किए। जिसमें जैतपुरा की मोक्ष भूमि में 101 पोधै लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया एवं उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली।

### बालाजी धाम में मनाया शरदोत्सव

**सीकर ।** स्थानीय सांवली रोड़ माधवसागर के पास स्थित श्री दक्षिणमुखी बड़ा तालाब बालाजी धाम में शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## महर्षि वाल्मीकी जयन्ती धूमधाम से मनाई गई

**सादूलपुर,** (निसं)। राजगढ़ शहर केवार्ड नं. ०5 में स्थित वाल्मीकी बस्ती में गुरुवार को सुबह 11 बजे के करीबन महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा है की यह दिन महर्षि वाल्मीकि की जयंती का प्रतीक है, जिन्हें भगवान राम के जीवनकाल में महाकाव्य रामायण लिखने का श्रेय दिया जाता है। सामाजिक समानता और सद्भावना से जुडे वाल्मीकि के अनमोल विचार आज भी भारतीय समाज को सींच रहे हैं। मानवता के अपने संदेशों के माध्यम से वे युगों-युगों तक हमारी सभ्यता और संस्कृति की अमूल्य धरोहर बने रहेंगे। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र को रेखांकित करते हुए कहा कि रामायण की रचना करके 'महान कवि' ने भगवान राम के जीवन को लोगों के दिलों में हमेशा के लिए जीवित कर दिया।

# भूमाफियाओं ने श्मशान पर किया अवैध रूप से दुकानों का निर्माण

## चूरू में लोहिया परिवार ने अपने पुरखों की श्मशान भूमि को ही बेचा

■ चूरू नगरपरिषद ने बंद कर ली अपनी आँखें, कईयों ने किए वारे न्यारे

**चूरू,** (कासं.)। चूरू चौपाटी के सामने लोहिया श्मशान घाट की कुर्क की गई भूमि पर अवैध रूप से खुलेआम दुकानों का निर्माण हो रहा है। वार्ड नम्बर 6 में हुए इस अवैध निर्माण के संबंध में नगरपरिषद ने अपनी आंखें पूरी तरह से बंद कर रखी है। मिली जानकारी के अनुसार यहां लोहिया श्मशान घाट था। शिवालय और छतरी बनी हुई थी। इस बात की गवाही चूरू का इतिहास चीख-चीखकर दे रहा है। यहां कई साल तक एक विद्यालय भी चला। कुछ वर्ष पहले लोहिया परिवार के लोग इस श्मशान घाट की भूमि को बेच कर चले गए। स्कूल वालों ने भी मोटी राशि ले ली बताई। दूसरी ओर भूमाफियाओं ने छतरी आदि को खुर्द बुर्द कर दिया। शहर के पार्षद आदि ने इसकी शिकायत नगर परिषद को की। इस पर नगर परिषद ने इस भूमि को कुर्क कर दिया। भूमाफियाओं की निगाह इस भूमि से हटने का नाम भी नहीं ले रही थी। तभी तो कुर्क शुदा भूमि पर खुलेआम 6 दुकानों का निर्माण कर लिया गया है। मजे की बात यह रही कि इस भूमि को कुर्क करने वाली नगर परिषद को इसकी भनक तक नहीं लगी या जानबूझकर अवैध निर्माण करने दिया।

माना जा रहा है कि यहां अवैध निर्माण के चलते कई जनों ने वारे न्यारे किए हैं। इस संबंध में सभापति पायल सैनी ने कहा कि इस बात की शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण शाखा के प्रभारी सुनील सोनी को भी बोल दिया है कि अवैध निर्माण बंद करें। इसी प्रकार नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने कहा कि मामले की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जावेगी।

कुल मिलाकर कुर्क शुदा भूमि पर दिन दहाड़े किए जा रहे अवैध निर्माण ने प्रशासन की सतर्कता की पोल खोल कर रख दी है। मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। ताकि लोगों का कानून और प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

## शारदीय पूर्णिमा महोत्सव आयोजित

**रतनगढ़,**(निसं)। जनपद में शारदीय पूर्णिमा महोत्सव के अन्तर्गत मंदिरों व घरों में बालाजी महाराज की विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। ताल वाले बालाजी में 50 वर्षों से अखण्ड षोडश नाम संकीर्तन 25 मई 1974 से अनवरत जारी है वही सिद्धपीठ श्री तालवाले बालाजी धाम में अखण्ड रामायण पाठ, , आज प्रातः काल से श्री हनुमत् रुद्राभिषेक तथा खीर प्रसाद रात्रि में सामूहिक संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुवे। वहीं श्री शक्ति पीठ श्री मेंहदीपुर बालाजी धाम में शरद पूर्णिमा मेला महोत्सव 13 से 21 अक्टूबर तक शरद पूर्णिमा के उपलक्ष में चल रहे नो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत गत सायं मुख्य ध्वज पूजन किया व बाबा का जलाभिषेक कर बाबा को स्वर्ण चोला पहनाकर भव्य श्रंगार ओर आरती की गई।

## माइनिंग इंजीनियर को ज्ञापन देने पहुंचे लोग

■ बारवा गांव के लोगों ने बुधवार को माइनिंग जीनियरिंग ऑफिसर झुंझुनूं को ज्ञापन देने पहुंचे

**झुंझुनूं ।** बारवा गांव के लोगों ने बुधवार को माइनिंग इंजीनियरिंग ऑफिसर झुंझुनूं को ज्ञापन देने झुंझुनूं पहुंचे। गांव के लोगों ने ज्ञापन देकर ज्ञापन में बताया कि बारवा गांव में स्थित पहाड़ी के पीछे लगभग 100 वर्ष पूर्ण हनुमान जी का मंदिर बना हुआ है।

जिसमें लोगों की श्रद्धा भावना जुड़ी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि पहाड़ी में लीज धारकों द्वारा इस मंदिर को तोड़कर 35-40 मीटर की दूरी पर पश्चिम दिशा में दूसरी जगह बना दिया गया है। मंदिर को तोड़े जाने पर लोगों ने विरोध व्यक्त किया है। मंदिर तोड़ने से लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि इस मंदिर को तोड़कर लीज धारकों द्वारा अपनी लीज का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इधर, माइनिंग विभाग द्वारा भी लीज धारकों को इस मामले में फायदा पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि इस मंदिर का टूटा हुआ स्थान पास में ही झाबरमल सुंडा के कुएं से जुड़ा हुआ था। लीज धारकों द्वारा इस स्थान को मिटाने की कोशिश की जा रही है। इस मंदिर को राजस्व रिकॉर्ड में भी देखा जा सकता है। जिसका स्थान वहीं पहले वाला स्थान देखने को मिलेगा। लीज धारकों द्वारा इस मंदिर को तोड़कर दूसरी जगह इस मंदिर को बना दिया गया है। जो गैर कानूनी रूप से बनाया गया है। इस मंदिर के पास में ही स्थित महात्मा जी का मंदिर अब लीज के अंदर आ गया है। जिसको लीज धारकों द्वारा तोड़े जाने की आशंका जताई जा रही है। बारवा गांव के ग्रामीणों ने मीनिंग इंजीनियरिंग ऑफिसर को ज्ञापन देकर महात्मा जी के मंदिर की सुरक्षा की मांग की है एवं हनुमान जी का मंदिर भी वही पुराने स्थान पर वापिस बनवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में विकास राईका, महेश कुमार, मातादीन जांगिड़, धर्मपालसिंह, जुबेर सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## रक्तदान शिविर आयोजित हुआ

**सूरजगढ़ ।** फरट चौराहे पर मान भवन में जीवन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट झुंझुनूं के तत्वावधान में बस्ती राम मान की आठवीं पुण्य तिथि पर ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप मान के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवाओं ने अपना रक्तदान किया। कार्यक्रम की शुभारंभ बस्तीराम मान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद संतोष अहलावत, विशिष्ट अतिथि वीर तेजाजी विकास संस्थान के अध्यक्ष जगदेव सिंह खरड़िया, नगरपालिका के पूर्व वाईस चेयरमैन राजकुमार गोदारा, समाजसेवी सज्जन अग्रवाल, बरासिया कॉलेज के प्राचार्य रवि शर्मा, सोमवीर लाम्बा, धर्मपाल गांधी, विकास भालोठिया, विकास शर्मा थे। अतिथियों का माला पहनाकर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया गया। योगाचार्य डॉ. प्रीतम सिंह तथा सुदेश खरड़िया सहित सभी सामाजिक संस्थाओं का व सामाजिक कार्यकर्ताओं का व रक्तदानदाताओं का भी सम्मान किया गया। अवसर पर बलवान बलौदा, धनखड़ सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा की सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर संगोष्ठी आयोजित

**सीकर ।** भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर संगोष्ठी गुरूवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष व अभियान के जयपुर संभाग प्रभारी मोतीलाल मीणा, प्रदेश मंत्री आईदान सिंह भाटी, प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक व धोद विधायक गोरधन वर्मा, सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला संयोजक मधुसुदन भिंडा, प्रभुसिंह शेखावत, गोविंद सैनी, ममता मूंडोतिया, ईश्वर सिंह राठौड़, पूर्व विधायक केडी बाबर आदि मंचस्थ रहे।

संगोष्ठी में बोलते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने कहा कि पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान में जो स्वयं 100 सदस्य बनाएगा वही सक्रिय सदस्य होगा। कहा कि जो सक्रिय सदस्य होगा वहीं संगठन में पदाधिकारी होगा और अन्य नियुक्तियों में उसी को प्राथमिकता मिलेगी। अभियान की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि एक-एक सक्रिय सदस्य यदि सदस्य बनाएंगे तभी यह संख्या लाखों में पहुंच जाएगी। इसके लिए सभी मेहनत करें और पार्टी के सभी मोर्चों, संगठनों, जनप्रतिनिधियों, मंडल, बूथ स्तर तक सदस्य बनाने में लग जाए।प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता सवा लाख के बराबर है। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं की बदौलत ही ऐतिहासिक कार्य देश में किए है। कहा पार्टी मजबूत होगी तो देश मजबूत होगा।प्रदेश मंत्री आईदान सिंह भाटी ने कहा कि राजस्थान में सीकर का संगठन अपना अलग स्थान रखता है। ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर सीकर को सर्वश्रेष्ठ और संगठन को अग्रणी भूमिका में रखना है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने कहा कि अभियान में हम धरातल पर कार्य करेंगे तो लक्ष्य आसानी से पूरा कर पाएंगे।

जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान में जो लक्ष्य मिला है उसे सभी मेहनत कर तय समय में पूरा करेंगे। कहा कि सीकर का संगठन हमेशा से राजस्थान में अग्रणी रहा है और आगे भी रहेगा। कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी सहयोग से अच्छा कार्य कर रहे हैं। धोद विधायक गोरधन वर्मा ने कहा कि जिले को मिले लक्ष्य को भाजपा का कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ पूरा करेगा। उन्होंने अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि अभियान में सीकर का कार्यकर्ता पीछे नहीं रहेगा। ऐसा विश्वास वे प्रदेश नेतृत्व को दिलाते हैं। कहा कि सभी मेहनत करते हुए अभियान को पूरा करेंगे। संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री डॉ. बलवंत सिंह चिराणा ने किया।

# रायपुर पाटन गांव पुलिस ने बदमाशों का जुलूस निकाला

■ दुकानदार पर गोली चलाने वाले दो बदमाशों का पुलिस ने रायपुर पाटन गांव में जुलूस निकाला

**पाटन ।** पाटन गांव में दुकानदार से सामान लेने आए तीन बदमाशों ने सामान के पैसे नहीं देने पर दुकानदार शिव गौतम की कनपटी पर गोली चला दी थी, तथा पिस्टल के बट से सर पर कई जगह वार किया था जिस पर शिव गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया था।

पाटन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी विक्की गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया, आरोपी लादी का बास का रहने वाला है, जो घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था।दो आरोपियों को ग्रामीणों ने उसी दिन गिरफ्तार कर पुलिस के हवाले कर दिया था।गुरुवार को उप पुलिस अधीक्षक अनुज डाल के नेतृत्व में विक्की गुर्जर एवं संदीप गुर्जर को रायपुर पाटन गांव लेजाया गया तथा दोनों बदमाशों का पैदल जुलूस निकाला गया तथा बाजार में घुमाया गया। दोनों बदमाश जोर-जोर से बोलते हुए जा रहे थे कि अपराध करना पाप है।

जहां सामान खरीदा तथा दुकानदार पर गोली चलाई थी। गांव के लोग बदमाशों को देखने के लिए एकत्रित हो गए, जो भय के साए में जी रहे थे। पुलिस ने कहा कि आपको भय के साए में जीने की जरूरत नहीं है, जो भी इस तरह के अपराध करेगा उन अपराधियों का यही हश्र होगा। गौरतलब है कि पाटन पुलिस द्वारा क्षेत्र में पहली बार इस तरह का कदम उठाया गया है जिसकी लोगों ने काफी तारीफ करते हुए कहा है कि जो युवा पीढ़ी आज अपराध जगत में जा रही है इनको देखकर उनको अवश्य सबक मिलेगा।

थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि डीएसटी टीम एवं पाटन पुलिस जब आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पहुंची तो विक्की गुर्जर भागने लगा जिससे गिर जाने से पांव में चोट भी लग गई, जिसके कारण वह लंगड़ाते हुए चल रहा था।

## उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**चूरू,**(कासं.)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव श्योपुरा बालाजी धाम में बुधवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में बालाजी महाराज का रंग-बिरंगे फूलों से भव्य श्रंगार किया गया और मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया गया। मंदिर के पुजारी हरिचरण शर्मा ने म्हारै मंदिर में पधारो गणपति देवा, अनेक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गायक कलाकार सुनील बागडोगरा ने देशनोक की करणी माता सबके मन भाई है, सालासर वाले हरो ना विघ्न सब दूर आदि भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को बांधे रखा। इस अवसर पर प्रमोद पुजारी, मयंक पुजारी, संदीप पुजारी, बीरबल पुजारी, महावीर पुजारी, योगेश शर्मा, पंकज शर्मा, भव्य शर्मा, गोपी, विष्णु भाटी, दीनदयाल रामगढ़िया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वाल्मीकि प्रकट दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**रतनगढ़,**(निसं)। स्थानीय वार्ड संख्या 40 वाल्मीकि मंदिर पर भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस मंदिर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत सारस्वत के सानिध्य में दीप प्रज्वलन व पूजा अर्चना कर महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकली गई जिसमें वाल्मीकि, राम-लक्ष्मण, लव-कुश व हनुमान की भव्य सुंदर मनमोहक झांकियां निकाली गई। शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस वाल्मीकि मंदिर पहुंची। इस अवसर पर वेद प्रकाश पंवार, गोविंद पंवार, अनिल, मनीष मेघवाल, मानक पंवार, सत्य प्रकाश चांवरिया, दिलीप जमादार, रमेश पंवार, भगवती पंवार, राजेश सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत सारस्वत व देवकरण लोहिया द्वारा प्रसाद वितरण किया गया एवं महाकाली ग्रुप की ओर से मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। स्थानीय राजकीय जालान महाविद्यालय में महर्षि वाल्मीकि की जयंती प्राचार्य डा अनिल कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रो कल्याण सिंह चारण ने कहा कि व्यक्ति कर्म से महान बनता है, डाकू से महर्षि बने वाल्मीकि जी ने रामायण जैसा महाकाव्य रचकर अमर कीर्ति अर्जित की। प्राचार्य सक्सेना ने वाल्मीकि जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला। डॉ के सी जोशी ने उनके द्वारा रचित रामायण पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रो सौम्या वशिष्ठ, लेखाधिकारी संदीप जोशी ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर परमेश्वर महर्षि, कमल योगी आदि उपस्थित रहे।



